

## एक नजर में

### जैन मंदिर में ध्वजारोहण महोत्सव का आयोजन



**पिपलियामंडी।** नगर के श्री विमलनाथ जैन मंदिर में रविवार को 54 वें ध्वजारोहण महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। व्याख्यान को संबोधित करते हुए मुनि विरलविनय विजय महाराज ने कहा कि जैन मंदिर की ध्वजा केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और आत्मकल्याण का संदेश देने वाली प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बस, ट्रेन या किसी अन्य वाहन से यात्रा कर रहा हो और दूर से किसी जैन मंदिर की ध्वजा दिखाई दे, तो श्रद्धापूर्वक णमो जिणाणं का स्मरण करते हुए ध्वजा के दर्शन करना चाहिए। ऐसे भावपूर्वक किए गए ध्वजा दर्शन से भी प्रभु दर्शन के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। मुनिश्री ने कहा कि मंदिर पर ध्वजा चढ़ाने का सौभाग्य अत्यंत दुर्लभ होता है। ध्वजारोहण का लाभ लेने वाले परिवार को अपार पुण्य की प्राप्ति होती है तथा अनेक तीर्थों की यात्रा के समान धर्मलाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि जैन धर्म की पंचरंगी ध्वजा के पाँच रंग पंच परमेष्ठी अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुकृका प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही ये पाँच महाव्रतों एवं जैन धर्म के उच्च आदर्शों के प्रतीक भी हैं, जो प्रत्येक श्रद्धालु को सत्य, अहिंसा, संयम और आत्मशुद्धि का संदेश देते हैं। महोत्सव की शुरुआत प्रातः 4 बजे मंदिर परिसर में सत्तरभेदी पूजा से हुई। इसके पश्चात मुनिश्री के निश्रा में सकल जैन संघ की उपस्थिति में लाभार्थी कुमद परिवार ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजा फहराते ही मंदिर परिसर जय जिनेन्द्र और मंगलध्वनि से गूंज उठा। इसके बाद सामूहिक चेत्यवंदन, आरती एवं शांति कलश का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म आराधना की। जैन संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र राणावत ने आभार माना।

### समीक्षा बैठक में युवाओं को जोड़ने पर जोर

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अदिति गर्ग के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सलाहकार समिति (माय भारत) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं को 222.*mybharat.gov.in* पोर्टल पर पंजीयन कराने, विभागीय समन्वय बढ़ाने तथा वार्षिक कार्ययोजना के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों, गैर-सरकारी संगठनों एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में युवाओं को स्वयंसेवी गतिविधियों, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वच्छता, खेल, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समन्वय के साथ युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप सभी गतिविधियों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला प्रशासन सहित शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जय राम जी की प्रयास सेवा समिति ने मनाया सीए डे एवं डॉक्टर डे

▸ प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



**मंदसौर। नगर की अग्रणी सामाजिक एवं धार्मिक संस्था जय राम जी की प्रयास सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय श्री तोलाराम जी सबनानी एवं स्वर्गीय श्रीमती लीलादेवी सबनानी की पावन स्मृति में सबनानी परिवार के सौजन्य से सीए डे एवं डॉक्टर डे के अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित चार्टर्डअकाउंटेंट्स एवं चिकित्सकों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री झूलेलाल जी एवं संत स्वामी श्री योगीराज लीला शाह महाराज जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गेश बेलानी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत किया तथा समिति द्वारा वर्षभर संचालित सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी दी।मुख्य अतिथि मंदसौर शहर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने समिति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग, अनुशासित एवं समर्पित रहने का संदेश देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि सिंधी समाज व्यापार के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। समाज के युवा देश-विदेश में अपनी प्रतिभा एवं ज्ञान के माध्यम से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं।

### विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

विशिष्ट अतिथि काका दृष्टानंद जी ने समिति द्वारा वर्षभर समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जिला योजना अधिकारी दिलीप मुजावदिया ने विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर लाड़ी लोहाना सिंधी पंचायत के पूर्व प्रांत अध्यक्ष देवीदास हरवानी एवं पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के कोषाध्यक्ष प्रीतम खेमानी और समाजसेवी रोहित सबनानी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। समारोह में समाज के प्रतिष्ठित चिकित्सकों डॉ. मनीष आसवानी, डॉ. रोहित संगतानी, डॉ. मनीषा आसवानी, डॉ. रश्मी पमनानी, डॉ. कमलेश पमनानी, डॉ. नरेंद्र आनंद, डॉ. दिनेश शर्मा एवं डॉ. गिरीश शर्मा का दुपट्टा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसी प्रकार सीए श्याम लालवानी, सीए नितिन देवनानी, सीए महेश खत्री, सीए विनीता सोमवानी,‚ष्ट्र अक्षिता साधवानी, कर सलाहकार प्रकाश लालवानी एवं सीए भानुप्रिया रामचंदानी का भी सम्मान किया गया।इसके पश्चात समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



# राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

**मंदसौर।** राज्य स्तरीय जूनियर सेपक टकरा प्रतियोगिता 2 से 5 जुलाई तक अशोकनगर मध्य प्रदेश में सम्पन्न हुई इसमें बालक वर्ग में टीम में मंदसौर जिला सैपक टकरा एसोसिएशन के खिलाड़ी जयदीप सिंह, चंद्रपाल विश्वकर्मा ,पीयूष धाकड़ ने डबल्स रेगू में अपनी प्रतिद्वदी टीम को बड़े अंतर से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और अन्य खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के परिणाम स्वरूप बालक टीम में अरविंद धाकड़,धीरज टेलर, मोहित राठौर, नवीन परासिया बालिका टीम में राधिका राठौर ,लक्षिता भंडारी ,पलक धाकड़ ,सारा वाल्टर ,बेबी राठौर को राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र प्रदान किए गए इन सभी खिलाडीयो ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे मन्दसौर जिले का प्रतिनिधित्व किया इस सफलता पर जिला सैपक टकरा एसोसिएशन मन्दसौर के अध्यक्ष एव भाजपा दलोंदा मण्डल अध्यक्ष श्री सुमित सेन द्वारा और सेपक टकरा के जिला सचिव एमरोज़ वाल्टर कोषाध्यक्ष अभिषेक सेठिया और कोच हेमंत सेन द्वारा सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी गई .

### सभी निकाय समग्र की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत करें- कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, सभी एसडीएम, सीईओ एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए की सभी निकाय समग्र की ईकेवाईसी शत-प्रतिशत करें। विवाह पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र को जल्द जारी करें। संबल पंजीयन को लंबित न रखें। अपार आईडी बनाने में प्रगति लाये एवं स्कूल वार सूची बनाएं। जिले के सभी अधिकारी जिन्?होंने अच्?छा कार्य किया हो तो वे मुख्यमंत्री पुरस्कार हेतु ऑनलाईन आवेदन करें।

# मंदसौर : अमृत 2 .0 व ड्रेनेज परियोजना को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**मंदसौर।** शहर में संचालित अमृत 2.0 एवं ड्रेनेज परियोजना के कार्यों को लेकर कांग्रेस ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश रघुवंशी (प्रभारी, विदिशा) ने आरोप लगाया कि परियोजना के तहत सड़कों की खुदाई एवं मरम्मत में निर्धारित तकनीकी मानकों और टेंडर की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रघुवंशी ने दावा किया कि लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से संचालित सीवरेज परियोजना में कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जाने का प्रावधान है।

> उन्होंने परियोजना की तकनीकी जांच कराने तथा आवश्यक होने पर भुगतान पर रोक लगाने की भी मांग की।कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो पार्टी आमजन के साथ आंदोलन करेगी। साथ ही, परियोजना से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार (ऋश्वद्व) के तहत आवेदन भी किया जाएगा। प्रशासन/परियोजना पक्ष का पक्ष : समाचार लिखे जाने तक जिला प्रशासन, नगर पालिका अथवा संबंधित कार्यदायी एजेंसी की ओर से कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने संबोधित किया। सम्मेलन में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवादी विचारधारा को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि 'एक देश, एक विधान' का उनका संकल्प राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक था तथा राष्ट्रहित के लिए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी ने देश की औद्योगिक प्रगति और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा उनके दूरदर्शी विचारों का विस्तार है।

### वात्सल्य धाम में वृक्षारोपण किया

**मंदसौर।** दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर द्वारा रेवास देवड़ा स्थित वात्सल्य धाम में सीनियर सीटीजन फेडरेशन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण किया गया। यह जानकारी देते हुए ग्रुप के प्रवक्ता दिनेश दोशी ने बताया कि इस अवसर पर अंगूर, आम, अनार, अमरूद आदि फलों सहित कई औषधिय पौधे भी ग्रुप परिवार द्वारा रोपे गये। कार्यक्रम का संचालन महावीर कोटड़िया ने किया एवं आभार ग्रुप सचिव अजीत जैन ने व्यक्त किया।

# नेहरू बस स्टैंड से कलेक्टर भवन तक नगर सेवा चालू करने की मांग

**मंदसौर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जय हिंद ग्रुप मंदसौर द्वारा नेहरू बस स्टैंड से कलेक्टर भवन तक नगर सेवा (मैजिक या ऑटो सेवा) सुचारू रूप से चालू करवाने के लिए जय हिन्द ग्रुप मंदसौर के संयोजक और समाजसेवी कुलदीप सिंह गौड़ के नेतृत्व में मंगलवार जनसुनवाई में प्रशासनिक अधिकारियों को एक आवेदन सौंपा जाएगा। जय हिंद ग्रुप संयोजक कुलदीप सिंह गौड़ ने बताया कि नेहरू बस स्टैंड से कलेक्ट्रेट मार्ग पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक, वृद्धजन, महिलाएं और छात्र-छात्राएं, दिव्यांग अपने शासकीय व निजी कार्यों के लिए आते-जाते हैं। वर्तमान में इस रूट पर सुलभ और किफायती नगर सेवा न होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और महंगे निजी साधनों का उपयोग करना पड़ता है।

## नीमच

## एक नजर में

### कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला



**नीमच।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण की नीति और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं किए जाने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों का खामियाजा आम वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। बाहेती ने कहा कि सरकार ने पर्याप्त परीक्षण और व्यापक जन-जागरूकता के बिना इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) को बढ़ावा दिया है, जिससे पुराने वाहनों के मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका दावा है कि कई वाहन चालकों की शिकायत है कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से वाहनों का माइलेज कम हुआ है, इंजन संबंधी समस्याएं बढ़ी हैं और रखरखाव का खर्च भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण का प्रतिशत लगातार बढ़ा रही है, जबकि देश में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं जो इस ईंधन के अनुरूप डिजाइन नहीं किए गए हैं। ऐसे में आम लोगों की गाड़ियां प्रभावित हो रही हैं। क्रूड ऑयल सस्ता, फिर भी पेट्रोल-डीजल महंगा तरुण बाहेती ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अपेक्षित कमी नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल महंगा होता है तो सरकार कीमतें बढ़ा देती है, लेकिन कीमतें घटने पर उसका लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाया जाता। नीमच से भी मिल रही शिकायतें बाहेती ने दावा किया कि नीमच जिले में भी कई वाहन मालिक इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के कारण वाहनों में बार-बार खराबी, माइलेज में कमी और मेंटेनेंस खर्च बढ़ने की शिकायत कर रहे हैं। कुछ वाहन चालकों ने बीच रास्ते में वाहन बंद होने की समस्याएं भी बताई हैं। उन्होंने मांग की कि जब तक देश के अधिकांश वाहन पूरी तरह इथेनॉल मिश्रित ईंधन के अनुकूल नहीं हो जाते, तब तक आम उपभोक्ताओं के लिए साधारण पेट्रोल का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से संबंधित शिकायतों की स्वतंत्र जांच कराई जाए और कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के अनुरूप पेट्रोल-डीजल के दाम कम कर आम जनता को राहत दी जाए।

### 8 जुलाई को गांधी भवन में जिला कांग्रेस की विस्तारित बैठक

**नीमच।** जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण विस्तारित बैठक 8 जुलाई (बुधवार) को दोपहर 12:15 बजे स्थानीय गांधी भवन में आयोजित होगी। बैठक में पूर्व सांसद एवं तेलंगाना प्रभारी सुश्री मीनाक्षी नटराजन मुख्य अतिथि तथा जिला कांग्रेस के मुख्य प्रभारी एवं सुसनेर विधायक भैरों सिंह बापू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव बृजेश मित्तल ने बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती, सभी विधानसभा प्रभारी, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में संगठन की मजबूती, पंचायत समितियों के गठन, आगामी आंदोलनों की रणनीति एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

# डॉक्टरों की सेवा मानवता की सबसे बड़ी ताकत

▸ जोनसंगम-2026 में डॉ . अशोक जैन को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और सामाजिक सरोकारों से जुड़े चिकित्सकों का हुआ सम्मान




**नीमच।** डॉक्टर केवल मरीजों का उपचार नहीं करते, बल्कि स्वस्थ समाज की मजबूत नींव रखते हैं। मानवता की सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है। चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवा समाज की सबसे बड़ी पूंजी है और उनका सम्मान पूरे समाज का सम्मान है। सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ डॉक्टरों के बेहतर कार्य वातावरण के लिए भी लगातार प्रयासरत है।

यह बात मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता ने रविवार शाम कनावटी स्थित होटल सनराइज ग्रैंड में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) नीमच द्वारा आयोजित जोनसंगम-2026 के सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि समाज को स्वस्थ बनाने में उनकी भूमिका हमेशा सर्वोपरि रहेगी।पूर्व मंत्री एवं जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च साधना है। डॉक्टर अपने ज्ञान, अनुभव और संवेदनशीलता से लोगों को नया जीवन देते हैं। उन्होंने कहा कि आईएमए द्वारा चिकित्सकों को सम्मानित करने की परंपरा प्रेरणादायी है।

नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि जिले के चिकित्सकों ने हर संकट में सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। कोरोना काल से लेकर सामान्य दिनों तक डॉक्टरों ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया है।

> **इन प्रतिभाओं और चिकित्सकों का हुआ सम्मान**
>
> टेबल टेनिस पुरुष एकल में डॉ. एल.आर. अग्रवाल (विजेता), डॉ. अशोक जैन (उपविजेता); पुरुष युगल में डॉ. आर.पी. माहेश्वरी-डॉ. एल.आर. अग्रवाल (विजेता), डॉ. अशोक जैन-डॉ. सीताराम सिंघल (उपविजेता); मिश्रित युगल में डॉ. अशोक जैन-डॉ. अंजू जोशी (विजेता), डॉ. एल.आर. अग्रवाल-श्रीमती उषा मोदी (उपविजेता) महिला युगल में डॉ. अंजू जोशी-श्रीमती उषा मोदी (विजेता), श्रीमती एलेना भंडारी-काम्या प्रधान (उपविजेता); महिला एकल- श्रीमती उषा मोदी (विजेता), डॉ. प्रियंका कदम (उपविजेता)।

# प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिले में 9 राजस्व अधिकारियों के तबादले

**नीमच। प्रशासनिक कार्य सुविधा एवं राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न तहसीलों में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मध्य नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।**

जारी आदेश के अनुसार कुल 9 राजस्व अधिकारियों का स्थानांतरण एवं नवीन पदस्थापना की गई है। इसके तहत श्री बसंतीलाल डाबी को रतनगढ़ से सिंगोली, श्री रूपसिंह राजपूत को मनासा से रतनगढ़, श्री मृगेन्?द्र सिंह सिसोदिया को रामपुरा से नीमच नगर, श्री कमलेश डुडवे को जावद से रामपुरा तथा श्री नवीन गर्ग को जावद से कुकड़ेश्वर पदस्थ किया गया है।

इसी प्रकार श्री अजय नाथ प्रजापति को नीमच नगर से मनासा, नरेंद्र कुमार बरोठिया को रामपुरा से मनासा, श्री बालकृष्ण मकवाना को सिंगोली से जावद तथा श्री नवीन छलोत्रे को कुकड़ेश्वर से जावद पदस्थ किया गया है।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक दृष्टि से किए गए इन स्थानांतरणों से जिले में राजस्व कार्यों के संचालन में और अधिक दक्षता एवं सुगमता आने की अपेक्षा है।

# डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर विविध कार्यक्रम, विजेताओं का सम्मान

**नीमच।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार), नीमच द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने उनके राष्ट्र निर्माण, शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता में योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद आराधना स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आराधना स्कूल के प्राचार्य पंकज यादव ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा महान विभूतियों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में 50 से अधिक युवाओं एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आयोजन जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**एक नजर** ▸ विजेता टीम को 11 हजार रूपए व ट्रॉफी व उपविजेता को 5 हजार प्रदान किए

# पीएस टर्फ-21 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, स्ट्राइकर्स ग्रुप बना चैंपियन



**नीमच।** पटेल प्लाजा स्थित पी.एस. टर्फ-21 किड्स फिटनेस सेंटर में 2 से 5 जुलाई तक आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट टर्फ प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया और लीग कम नॉकआउट प्रारूप में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का आयोजन मयंक सेनी एवं मयूर सेनी द्वारा किया गया।

फाइनल मुकाबले में स्ट्राइकर्स ग्रुप ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता स्ट्राइकर्स-2 को 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। सेमीफाइनल मुकाबलों में स्ट्राइकर्स-1 ने हैदरी वॉरियर्स तथा स्ट्राइकर्स-2 ने इवोल्यूशन टीम को चुनौती दी।